हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 13 सितंबर 2026

04 नेशनल लोक अदालत में दो करोड़ से अधिक की...



07 मध्यान्ह भोजन की राशि और राशन नहीं मिलने पर...



गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

खबर संक्षेप

विनोबा भावे जयंती पर श्रमदान आज

विदिशा। आचार्य विनोबा भावे की जयंती के उपलक्ष्य में गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल द्वारा आज सुबह 6.30 बजे टैगोर स्कूल परिसर में कार्यक्रम होगा। आयोजन से पहले सुबह 6 बजे गांधी चौक पर एकत्रितकरण होगा। यहां वंदेमातरम और राष्ट्रगान के बाद सभी श्रमदान के लिए टैगोर विद्यालय परिसर की ओर प्रस्थान करेंगे। सर्वोदय मंडल के सचिव डॉ. राजेश बंसल ने शामिल होकर श्रमदान करने की अपील की है।

जिला न्यायालय में प्रदर्शन लगाई गई

विदिशा। जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को आयोजित लोक अदालत के अवसर पर बालिका संप्रेक्षण गृह एवं महिला-बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं की हस्तनिर्मित सामग्री का स्टॉल लगाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कासवा के मार्गदर्शन में लगाए गए स्टॉल पर बालिकाओं द्वारा तैयार विभिन्न रचनात्मक सामग्री आकर्षण का केंद्र रही। अधीक्षक आकांक्षा मरावी ने बताया कि सामग्री को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया।

प्रतियोगिता के लिए पंजीयन 15 तक

विदिशा। इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2026-28 के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो गया है। इच्छुक युवा 15 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में रोबोटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, वेब टेक्नोलॉजी, वेल्डिंग, कारपेंट्री, कुकिंग, फैशन टेक्नोलॉजी, बेकरी और ऑटोमोबाइल सहित 63 कौशल शामिल हैं। राष्ट्रीय विजेताओं को 2028 में जापान के आइची में होने वाली वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

वात्सल्य में रहेगी गणेशोत्सव की धूम

विदिशा। 14 से 22 सितंबर तक वात्सल्य स्कूल में गणेशोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। 14 सितंबर को सुबह 8.30 बजे से शाम 4 बजे तक भगवान गणेश की स्थापना के साथ-साथ अन्य कार्यक्रम होंगे। 22 सितंबर की सुबह 10 बजे भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। गणेशोत्सव में प्रतिदिन भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाते हैं।

5.5 लाख का कॉपर वायर चुरा ले गए

विदिशा। कोतवाली थाना क्षेत्र में बस स्टैंड के पास मोटर वाइंडिंग की दुकान में चोरी हो गई। रात में चोर दुकान की छत पर लगी टीन की चादर हटाकर अंदर घुसे। उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। कॉपर वायर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। दुकान मालिक के अनुसार चोर करीब 3 से 3.5 क्विंटल नया और पुराना कॉपर वायर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 5.5 लाख रुपए है। कैमरे टूटे होने के कारण पूरी घटना रिकॉर्ड नहीं हो सकी। हालांकि, रात 1 से 3 बजे के बीच की कुछ सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिली है।

बप्पा के स्वागत को सजा बाजार

बाजार में गणेश प्रतिमाओं की खरीदारी के लिए बढ़ी भीड़

दो हजार से 10 हजार रुपए तक की प्रतिमाएं उपलब्ध, पसंद के अनुसार चुन रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गणेश चतुर्थी से पहले शहर के बाजार में बप्पा के स्वागत की तैयारियां तेज हो गई हैं। गणेश प्रतिमाओं की दुकानें सज गई हैं और रंग-बिरंगी व आकर्षक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं का ध्यान खींच रही हैं।

परिवार के साथ लोग बाजार पहुंचकर अपनी पसंद की गणेश प्रतिमा खरीद रहे हैं। बाजार में 2 हजार से लेकर 10 हजार रुपए तक की गणेश प्रतिमाएं उपलब्ध हैं। छोटी प्रतिमाओं के साथ बड़ी और आकर्षक डिजाइन वाली प्रतिमाओं की भी मांग बनी हुई है। श्रद्धालु घर में स्थापना के लिए अपनी पसंद के अनुसार प्रतिमाओं का चयन कर रहे हैं। गणेश चतुर्थी नजदीक आने के साथ बाजार में खरीदारों की आवाजाही भी बढ़ने लगी है। दुकानदारों को उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में प्रतिमाओं की बिक्री और बढ़ेगी।

बाजार में सजी गणेश प्रतिमाओं के साथ शहर में गणेशोत्सव का उत्साह नजर आने लगा है। तिलक चौक स्थित बांके विहारी मार्केट में भगवान गणेश की एक से बढ़कर एक प्रतिमाएं मौजूद हैं। इनमें यहां भगवान गणेश आकर्षक वेशभूषा और सुंदर सुंदर आभूषण पहने हुए नजर आएंगे।



विदिशा। बाजार में जगह जगह गणेश प्रतिमाओं को दुकानें सज गईं हैं। तिलक चौक स्थित बांके विहारी मार्केट में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की एक से बढ़कर एक मूर्तियां मौजूद हैं।

पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को हिरासत में लिया, 7 गोवंश गंभीर घायल

लटेरी- मधुसूदनगढ़ रोड पर आधी रात को तेज रफ्तार ट्रक ने 22 गोवंशों को रौंदा, 15 की मौत

मवेशियों के कारण जिलेभर में जगह जगह हो रहे हादसे।

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी

नेशनल हाईवे 752 पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे ग्राम ताजपुरा के पास सड़क पर बैठे गोवंशों को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया।

हादसे में कुल 22 गोवंश ट्रक की चपेट में आ गए। इनमें 15 गोवंशों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही थाना लटेरी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना की जानकारी जुटाई और ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार ट्रक क्रमांक आरजे 09 जीई 5727 लटेरी की ओर से जा रहा था। इसी दौरान मधुसूदनगढ़ रोड पर सड़क पर बैठे गोवंश उसकी चपेट में आ गए। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर ट्रक चालक धारासिंह सौंधिया राजपूत पुत्र सुधान सिंह राजपूत उम्र 32 वर्ष, निवासी बरडिया स्तुमरा, तहसील गरोठ जिला मंदसौर मौके पर मिला। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि ट्रक की टक्कर से सड़क पर मौजूद गोवंश हादसे का शिकार हुए। दुर्घटना में 15 गौवंशों की मौत होने के साथ ही 7 गौवंश गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने मृत गोवंशों को सड़क से हटवाने और घायल गोवंशों के उपचार की व्यवस्था के लिए आवश्यक कार्रवाई की। थाना पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और हादसे के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार हाईवे और मुख्य सड़कों पर अक्सर बड़ी संख्या में गौवंश बैठे रहते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है।



लटेरी। रात में हुए हादसे के बाद मौके पर पुलिस बल और स्थानीय लोग पहुंचे और ट्रक को जब्त किया।

बारिश के दौरान सड़कों पर बैठते हैं मवेशी

बारिश के दौरान मवेशी सड़कों पर आ जाते हैं और रात में सड़कों पर ही विचरण करते हैं। तहसीलों में भी जगह जगह सड़कों पर मवेशी हाईवे पर बैठे दिख जाएंगे। वहीं जिला मुख्यालय पर भी बायपास पर दर्जनों की संख्या में मवेशी बैठे रहते हैं और रोज इनकी मौत भी हो रही है। स्थानीय गोसेवक युवक रात रातभर घायल मवेशियों को उठाते हैं। नपा सिर्फ वाहन उपलब्ध कराती है। वाहन में रखने और उतारने का काम युवा ही करते हैं।

स्कूल भवन की सामग्री बिक्री को लेकर विवाद



हैदरगढ़। ईंटें, लोहे के गाडर, फरसी सहित कुछ सामग्री पहले ही बेच डाली।

हरिभूमि न्यूज ⏭हैदरगढ़

हैदरगढ़ उप तहसील के ग्राम पंचायत मोहम्मदगढ़ में जर्जर स्कूल भवन से निकली सामग्री की बिक्री को लेकर शुक्रवार को विवाद हो गया। ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव पर बिना जानकारी के सामग्री बेचने का आरोप लगाया।

ग्रामीणों के अनुसार पंचायत द्वारा शुक्रवार को डौंडी पिटवाकर सामग्री की नीलामी की सूचना दी गई थी। जब ग्रामीण नीलामी के लिए पंचायत पहुंचे तो उन्हें पता चला कि ईंटें, लोहे के गाटर, फरसी सहित कुछ सामग्री पहले ही बेची जा चुकी है। इसको लेकर ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। विवाद की सूचना पर हैदरगढ़ थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

नायब तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी कि नियमानुसार नीलामी की प्रक्रिया अपनाई जाए। सरपंच सरिता वाल्मिक ने बताया कि कुछ सामग्री बेचकर मजदूरों के भुगतान की व्यवस्था की गई थी। सचिव आसिया बी ने बताया कि पीडब्ल्यूडी ने भवन तोड़ने से मना कर दिया था, जिसके बाद जिला पंचायत के निर्देश पर ग्राम पंचायत ने जर्जर भवन तुड़वाया। मजदूरों और ठेकेदार को लगाने के लिए 15 हजार रुपये धरोहर के रूप में जमा किए गए थे, मजदूरों के भुगतान के लिए कुछ सामग्री बेची गई।


19 को खुलेंगे 300 साल पुराने राधिका कुंज के पट

राधाष्टमी पर वर्ष में केवल एक दिन मिलते हैं राधा रानी के दुर्लभ दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नंदवाना स्थित वृंदावन गली के करीब 300 वर्ष पुराने ऐतिहासिक राधिका कुंज मंदिर के पट राधा अष्टमी के अवसर पर 19 सितंबर को आम श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। मंदिर में वर्षभर श्री राधा जी की गुप्त सेवा और नियमानुसार पूजा-अर्चना होती है। इसके बाद वर्ष में केवल राधा अष्टमी पर श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर मिलता है।

पंडित राकेश शर्मा ने बताया कि 19 सितंबर को दोपहर 12 बजे महाआरती के साथ मंदिर के पट खोले जाएंगे। राधा जी का जन्मोत्सव, प्रसादी वितरण और भजन-आरती का आयोजन होगा। इस वर्ष राधा जी को बनारस की विशेष पोशाक पहनाई जाएगी और कुंदन-मोतियों से सजे भव्य सिंहासन पर विराजित किया जाएगा। शाम 7 बजे संध्या आरती व भोग दर्शन तथा रात में भजन संध्या होगी। मंदिर का इतिहास मुगलकाल से जुड़ा बताया जाता है। मान्यता है कि औरंगजेब के मथुरा-वृंदावन पर आक्रमण के समय श्रीकृष्ण और राधा जी के विग्रहों को सुरक्षित रखने के लिए यहां लाकर गुप्त रूप से स्थापित किया गया था। 20 सितंबर को सुबह 5 बजे मंगला आरती के बाद पट बंद होंगे और शाम 5 बजे उत्थापन दर्शन के लिए फिर खुलेंगे। रात 11 बजे शयन आरती के बाद पट अगले राधा अष्टमी तक बंद कर दिए जाएंगे। पुजारी पं. राकेश शर्मा एवं सेवकगण ने श्रद्धालुओं से सपरिवार पहुंचकर दुर्लभ दर्शन का लाभ लेने की अपील की है।



'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की तैयारियों पर कांग्रेस का मंथन

19 सितंबर को इंदौर में होने वाले राहुल गांधी के कार्यक्रम में भागीदारी बढ़ाने रणनीति पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

इंदौर में 19 सितंबर को राहुल गांधी के द्वारा किए जारहे छात्रों की गूंज कार्यक्रम को तैयारियों को लेकर विदिशा में बैठक हुई।

दौरान संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने सहित आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में 19 सितंबर को इंदौर में राहुल गांधी के प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की तैयारियां प्रमुख रूप से चर्चा में रहीं। बैठक में पदाधिकारियों को छात्रों और युवाओं से संपर्क कर अधिक से अधिक पंजीयन कराने तथा कार्यक्रम में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारियां सौंपीं। बैठक की शुरुआत प्रदेश कांग्रेस महामंत्री अनुमा आचार्य द्वारा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गायन से हुई। जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कार्यकर्ताओं से शिक्षा, रोजगार और भविष्य से जुड़ी छात्रों की समस्याएं एवं सुझावों को कार्यक्रम तक पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से करीब दो लाख छात्र-युवा शामिल होंगे। इसके लिए जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर पर संपर्क अभियान तेज करने पर सहमति बनी।

बैठक में सरकार के खिलाफ गांव-गांव आंदोलन शुरू करने की रणनीति पर भी विचार हुआ। बैठक में पूर्व विधायक निशंक जैन, पान बाई, रणधीर सिंह ठाकुर, सुभाष बोहत, आनंद प्रताप सिंह, रानी अहिरवार, राजेश दुबे, चेतन बना, रमेश तिवारी सहित ब्लॉक व मंडल अध्यक्ष और मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा ने बताया कि बैठक का संचालन नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने किया।



विदिशा। कार्यक्रम को लेकर कांग्रेसियों ने बैठक आयोजित कर किया मंथन।

बार-बार पैचवर्क की जगह माधवगंज से रामलीला तक बने मजबूत सड़क

नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने नगरपालिका पर लगाया लीपापोती का आरोप, पुराने भुगतान की जांच की उठी मांग

विदिशा। माधवगंज कांच मंदिर से रामलीला मैदान तक मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद आशीष माहेश्वरी ने नगर पालिका पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह मार्ग शहर का हृदय स्थल है और रोजाना हजारों नागरिक, स्कूली बच्चे व व्यापारी यहां से गुजरते हैं। आगामी गणेश उत्सव और दुर्गा उत्सव के दौरान शोभायात्राएं भी इसी मार्ग से निकलेंगी। माहेश्वरी ने आरोप लगाया कि नगर पालिका पिछले कई वर्षों से सड़क पर स्थायी निर्माण के बजाय बार-बार पैचवर्क कराकर खानापूर्ति कर रही है। हर दो-तीन महीने में गड्ढों पर पैच लगाए जाते हैं, जो कुछ ही दिनों में उखड़ जाते हैं। उन्होंने इसे जनता के टैक्स की राशि की बर्बादी बताया। उन्होंने मांग की कि बार-बार मरम्मत के बजाय पूरी सड़क का मजबूत निर्माण कराया जाए तथा पिछले वर्षों में हुए पैचवर्क और भुगतान की जांच हो। नई सड़क के साथ दोनों ओर नालियों व पाइपलाइन की व्यवस्था पहले करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि कई बार टेंडर होने के बावजूद काम शुरू नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। सड़क की बदहाली से नागरिकों और व्यापारियों को परेशानी हो रही है, इसलिए निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाए।

एसपी रोहित ने संवेदनशीलता से सुनीं शिकायतें, सुविधाएं बढ़ाने दिए निर्देश

महिला पुलिसकर्मियों ने रखीं अपनी समस्याएं

मेडिकल परीक्षण से जुड़ी कठिनाइयों और थाना स्तर की व्यवस्थाओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पुलिस कंट्रोल रूम में शनिवार को नारी शक्ति सम्मेलन आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से सीधे संवाद कर कार्यस्थल से जुड़ी समस्याएं एवं सुझाव सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया।

सम्मेलन में ग्रामीण थाना क्षेत्रों में महिला पुलिसकर्मियों को आने वाली परेशानियों, महिला अपराधों में मेडिकल परीक्षण से जुड़ी कठिनाइयों और थाना स्तर की व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। महिला पुलिसकर्मियों के लिए आवास, पेयजल और टॉयलेट जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने सभी थानों में चाइल्ड फ्रेंडली एरिया और बाल मित्र कक्ष विकसित करने को कहा। इन स्थानों पर पीड़ित महिलाओं के साथ आने वाले बच्चों के लिए झूले, खिलौने, पेंटिंग सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। महिला हेल्पडेस्क के प्रभावी संचालन की समीक्षा के साथ सीसीटीएनएस ऑपरेटर की व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए गए। सम्मेलन में एएसपी मोनिका तिवारी, डीएसपी मासूम पटले, महिला थाना प्रभारी, महिला सुरक्षा शाखा प्रभारी सहित विभिन्न थानों की महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहीं।



विदिशा। बैठक के दौरान महिला पुलिसकर्मियों की परेशानी सुनते हुए एसपी।

- बच्चों के लिए झूले, खिलौने, पेंटिंग जैसी सुविधाएं मांगी।

जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद के चुनाव स्थगित

विदिशा। जिला सनाढ्य ब्राह्मण परिषद की चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी पं.रवि नारायण तिवारी तथा पं. देवनारायण हरदेनिया द्वारा दावे आपत्ति के बाद आगे बढ़ा दी गई है। निर्वाचन अधिकारी द्वय ने परिषद को निर्देशित किया है कि परिषद की मतदाता सूची में व्यापक सुधार तथा अधिक से अधिक सदस्य बनाए जाएं। समिति के पंजीयन का नवीन नवीनीकरण किया जाए तथा समिति जिला स्तरीय है इसलिए संपूर्ण जिले में व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाए। सनाढ्य ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष पं. दीपक तिवारी ने बताया कि मतदाता सूची को शीघ्र व्यवस्थित कर संपूर्ण जिले में व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद जिला स्तरीय आम बैठक कर चुनाव की घोषणा की जाएगी।

गणेशोत्सव को लेकर नगर में सजेंगे दर्जनों स्थानों पर पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शनिवार को शाम के समय तहसील स्थित पटवारी सभागृह में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें आगामी त्योहारों, खासकर गणेश उत्सव को लेकर चर्चा की गई। बैठक में राजनीतिक-सामाजिक संगठनों के साथ गणेश उत्सव झांकी संचालक भी शामिल हुए। एसडीएम अनुभा जैन ने कहा कि रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम ने सभी झांकी संचालकों को निर्देश दिए कि वे अस्थायी बिजली कनेक्शन लें। बिना कनेक्शन के सीधे बिजली सप्लाई न करें, इससे हादसे का डर रहता है। उन्होंने पंडाल और मूर्तियों की ऊंचाई का भी ध्यान रखने को कहा। साथ ही आसपास सुरक्षा की दृष्टि से बिजली के तार या केबल लाइन की जांच करने के लिए भी कहा गया। झांकी संचालकों से कहा गया कि वे अपने कार्यकर्ताओं की सूची नाम और नंबर के साथ प्रशासनिक अधिकारियों को दें, ताकि जरूरत पड़ने पर उनसे संपर्क किया जा सके। एसडीओपी शिखा भलावी ने विसर्जन के दौरान छोटे बच्चों को नदी घाटों पर न ले जाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि बारिश के कारण घाटों पर पानी का स्तर अधिक रहता है, जिससे खतरा हो सकता है। बेतवा घाटों पर विसर्जन के समय रास्ते को बैरिकेड किया जाएगा, ताकि ट्रैफिक जाम न हो। शहर में 30 से अधिक स्थानों पर झांकी पंडाल लगेंगे, इन सभी जगहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की बात भी कही गई।

बैठक में मौजूद लोगों ने गणेश उत्सव के दौरान बिजली और साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था करने की मांग की। इस अवसर तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव, शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी जयकुमार सिंह, नगरपालिका सीएमओ अशोक वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

शहर थाना पुलिस ने पांच आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शहर थाना पुलिस ने पांच असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करते हुए धारा 170 बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर थाना क्षेत्र में लगातार भ्रमण एवं निगरानी की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान कुछ व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में पाए गए। पूछताछ एवं मौके की परिस्थितियों को देखते हुए क्षेत्र की शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका के मद्देनजर 5 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। जिसमें मोनू उर्फ टीकाराम कुशवाह उम्र 18 वर्ष, निवासी लाल पठार, विकास उर्फ मोटू रैकवार उम्र 22 वर्ष, निवासी फ्रीगंज, साहिल रघुवंशी उम्र 18 वर्ष, निवासी ब्लॉक ऑफिस के सामने, आकाश अहिरवार उम्र 26 वर्ष, निवासी विशंभरा कॉलोनी, नीलेश पंथी उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम हथौड़ा शामिल हैं। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को धारा 170 बीएनएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस द्वारा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक एवं संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों का हुआ निराकरण

नेशनल लोक अदालत में दो करोड़ से अधिक की समझौता राशि कराई जमा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश के पालन में शनिवार को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति अवधेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रथम जिला न्यायाधीश राकेश कुमार ठाकुर, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पूजा गोले, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड साक्षी प्रसाद, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड कपिल देव काछी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड स्नो मारिया तिग्गा, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड सृष्टि कुशवाह, अध्यक्ष अभिभाषक संघ अमान सिंह राजपूत, सचिव राजेश कुमार शर्मा सहित अधिवक्तागण प्रदीप लाहोरी, राकेश अरोरा, विद्युत विभाग के उपमहाप्रबंधक, बैंक शाखा प्रबंधक, नगरपालिका अधिकारी एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

लोक अदालत में कुल 9096 प्रकरण लंबित एवं प्री-लिटिगेशन रखे गए थे, जिनमें से कुल 1245 प्रकरणों का निराकरण किया गया और कुल 2,07,55,720 रुपये की समझौता राशि प्राप्त हुई। नेशनल लोक अदालत में बैंक प्री-लिटिगेशन के 3107 प्रकरणों में से 8 प्रकरण निराकृत हुए जिनसे 4,00,517 रुपये की राशि प्राप्त हुई। विद्युत प्री-लिटिगेशन के 2975 प्रकरणों में से 147 निराकृत जिनसे 12,31,000 रुपये की वसूली हुई। नगर पालिका के 2186 प्रकरणों में से 515 प्रकरणों का निराकरण कर 18,89,922 रुपये प्राप्त हुए। दूरसंचार विभाग के 200 प्रकरणों में से 5 निराकृत हुए जिनसे 19,800 रुपये प्राप्त हुए। न्यायालय में लंबित 628 प्रकरणों में से 570 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 1,72,14,481 रुपये की समझौता राशि प्राप्त हुई।

इसके अलावा वैवाहिक एवं पारिवारिक विवादों के 21 मामलों में भी सुलह के आधार पर निराकरण कर परिवारों को फिर से बसाया गया। नेशनल लोक अदालत में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, हितग्राही मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान पीओपी की 1210 बोरियां जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





एसडीएम अनुभा जैन के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण एवं शासन द्वारा जारी मूर्ति निर्माण संबंधी दिशा-निर्देशों के पालन के संबंध में मूर्ति निर्माण स्थलों का शनिवार को निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में जांच दल द्वारा ग्राम गंज, सर्वे नंबर 82 स्थित मकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर पीओपी की कुल 1210 बोरियां एवं 20 गणेश जी की प्रतिमाएं पाई गईं। मौके पर अनेक व्यक्तियों द्वारा मूर्ति निर्माण का कार्य किया जाना पाया गया। जिसमें सुंदर लाल प्रजापति, गुलाब प्रजापति, दीपक प्रजापति शामिल हैं। जांच के दौरान पाया गया कि दीपक प्रजापति, सुंदरलाल प्रजापति एवं गुलाब प्रजापति द्वारा मकान सहित लगभग 40×60 फीट क्षेत्रफल में मूर्ति निर्माण का कार्य किया जा रहा था। उक्त कार्रवाई के दौरान मौके पर पंचनामा तैयार किया गया तथा पंचों की उपस्थिति में संबंधित स्थल को सीलबंद किया गया। उक्त संयुक्त कार्रवाई में एसडीएम अनुभा जैन, तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव, देहात थाना प्रभारी जय कुमार सिंह , मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा, नपा स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीणा , सहज तेनगुरिया सहित नपा एवं पुलिस प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। प्रशासन द्वारा मूर्ति निर्माताओं से अपील की गई है कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए केवल पर्यावरण-अनुकूल प्राकृतिक मिट्टी से मूर्तियों का निर्माण करें तथा पीओपी एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली सामग्री का उपयोग न करें।

जिला स्तरीय शालेय प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गत दिवस नवांकुर विद्यापीठ के इनडोर हाल मे 70 वीं जिला स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत योग प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिला योग प्रभारी कुलदीप भारती ने कहा योग का अर्थ है जोड़ना। योग हमें अपने शरीर, मन और आत्मा से जोड़ता है। आज आप सबने जिस अनुशासन और लय के साथ योगासनों का प्रदर्शन किया, वह सच में प्रशंसनीय है।

विकास खंड योग प्रभारी, प्रसिद्ध योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी, मेंटर आचार्य शैलेन्द्र दीक्षित ने संबोधित करते हुए कहा कि योग और खेल के क्षेत्र में हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। मुझे विश्वास है कि हमारे बच्चे योगासन में राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाएंगे। । मैं सभी बच्चों से कहना चाहूंगा कि योग को केवल प्रतियोगिता तक सीमित मत रखिए, इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाइए। रोज 20 मिनट का योग आपको जीवन भर स्वस्थ रखेगा। कार्यक्रम का संचालन खेल योग प्रभारी कपिल गौड ने जबकि आभार जिला सह योग प्रभारी निरंजन अहिरवार ने किया। योग प्रतियोगिताओं में बासौदा, विदिशा, कुरवाई सहित जिले के शासकीय, अशासकीय शालाओं के विकास खंड स्तरीय योग विजेताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जिले के विकासखंडो की विभिन्न शासकीय, अशासकीय शालाओं के योग प्रशिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित थे।

वनबा जागीर में बनेगा थोक, फल एवं सब्जी बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के थोक फल-सब्जी व्यापारियों को अब स्थायी बाजार मिलने की उम्मीद जगी है। नगर पालिका परिषद की दो सप्ताह बाद होने वाली बैठक में वनवा जागीर में थोक फल-सब्जी बाजार विकसित करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। परिषद की मंजूरी मिलने पर यहां अलग-अलग आकार की 66 टीन शेड दुकानें बनाने का रास्ता साफ होगा। दुकानों में कारोबार के साथ माल रखने के लिए भी पर्याप्त जगह उपलब्ध कराने की योजना है। कृषि मंडी प्रशासन द्वारा पुराने मंडी प्रांगण को खाली कराने के नोटिस दिए जाने के बाद थोक फल-सब्जी व्यापारियों के सामने फिर विस्थापन का संकट खड़ा हो गया है। पुराने मंडी प्रांगण में अनाज व्यापारियों की दुकानें हैं, जिन्हें फल-सब्जी व्यापारियों ने किराए पर ले रखा है। वर्ष 2019 में कृषि मंडी के नए प्रांगण में शिफ्ट होने और पुराने प्रांगण की जमीनों की लीज अवधि समाप्त होने के बाद मंडी प्रशासन ने जमीन खाली कराने के नोटिस जारी किए थे। व्यापारियों के विरोध के बाद फिलहाल कार्रवाई धीमी है, लेकिन भविष्य में फिर शुरू होने की आशंका बनी हुई है।

नगर पालिका में फल-सब्जी व्यापारियों के साथ हुई बैठक में दुकानों के आकार को लेकर सहमति बनी है। इसके बाद बड़े, मध्यम और छोटे कारोबारियों की जरूरत के अनुसार तीन अलग-अलग आकार की कुल 66 दुकानें बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रस्तावित बाजार में कारोबार और भंडारण की सुविधा का भी ध्यान रखा गया है। थोक व्यापारी सीजन में आलू, फल और अन्य सामग्री से भरे ट्रक बाहर से मंगाते हैं। ऐसे में दुकानों के साथ माल रखने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध कराने की योजना है। फल-सब्जी व्यापारियों को स्थायी जगह उपलब्ध कराने के लिए दुकानों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसे अध्यक्ष की सहमति से परिषद की अगली बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। परिषद से मंजूरी मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। थोक फल-सब्जी कारोबारियों के लिए शहर में अब तक स्थायी बाजार की व्यवस्था नहीं हो सकी है। पिछले करीब 10 साल में कारोबारियों को तीन जगह बदलनी पड़ी हैं। वर्तमान में पुराने मंडी प्रांगण से भी हटाए जाने का संकट बना हुआ है। व्यापारियों के अनुसार थोक फल-सब्जी कारोबार से रोजाना करीब 7 से 8 लाख रुपए का कारोबार होता है। यहां से नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी फल-सब्जियों की आपूर्ति होती है।

नगर में हो चुकी है 920 मिमी बारिश



गंजबासौदा। पिछले 24 घंटो में हुई बारिश की जानकारी देते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि तहसील में स्थापित वर्षामापी यंत्र पर शनिवार को सुबह आठ बजे तक बारिश की जानकारी दर्ज की गई। जिसमें गंजबासौदा में सर्वाधिक 61.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई। आज दिनांक तक जिले में 774.2 मिमी, गंजबासौदा में 920 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जबकि पिछले आज दिनांक तक वर्ष 1079.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी। मौसम की जानकारी देने वाली बेवसाइड 16 सितम्बर तक बारिश होना बताया है। इसके बाद 18 सितम्बर, 20 एवं 22 सितम्बर को बारिश होने की संभावनाएं व्यक्त की हैं।

कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों को वितरित की गईं मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं

पंचतत्व समिति इस बार बांट नहीं, सिखा रही मिट्टी के गणेश बनाना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय पंचतत्व संरक्षण समिति ने इस वर्ष गणेश चतुर्थी पर एक नई पहल शुरू की है। पिछले 15 वर्षों से निःशुल्क मिट्टी के गणेश जी वितरित करने वाली समिति इस बार मूर्तियां बांटने के बजाय लोगों को अपने हाथों से मिट्टी के गणेश बनाना सिखा रही है। इस नवीन अभियान की जानकारी देने के लिए शनिवार को स्वर्गीय अनिल यादव प्रेस क्लब पत्रकार भवन में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी ने कहा कि नदियां केवल मूर्तियों के विसर्जन से नहीं, बल्कि पॉलीथिन, कचरे और हानिकारक रसायनों से प्रदूषित हो रही हैं, जिससे जलचरों का जीवन खतरे में है। मिट्टी की मूर्तियां पूरी तरह जलघुलनशील होती हैं और पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचातीं। समिति सचिव प्रमोद सिंह राजपूत ने बताया कि समिति पिछले 15 वर्षों में 20 से 25 हजार मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का निःशुल्क वितरण कर चुकी है।

इस वर्ष लोगों को स्वावलंबी और जागरूक बनाने के उद्देश्य से विद्यालयों और आम जन के बीच मूर्तिकला कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में वेदांत आश्रम के छात्र रघुनंदन बैरागी ने उपस्थित जनसमूह के सामने मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाकर कला का प्रदर्शन किया। उनकी कला से प्रभावित होकर समिति ने उन्हें शाल-श्रीफल से सम्मानित किया, वहीं रघुनंदन ने अपनी बनाई प्रतिमा समिति को भेंट की। समिति सदस्य देवेंद्र यादव ने युवाओं से इस पर्यावरण अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। अंत में पत्रकारों को मिट्टी के गणेश जी भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान विजय अग्रवाल, राजेंद्र व्यास, विजय ठाकुर, गजानंद शर्मा, संदेश जैन, प्रवीण भावसार, डॉ. जितेंद्र सिंह, राकेश तनवानी, दिलीप देसाई आदि मौजूद रहे।

नीम करोली बाबा की पुण्यतिथि पर श्रीराम नाम पुस्तिका का हुआ विमोचन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को राम नाम की डोर थामे अनेक श्रद्धालु मुस्कान टॉकीज पहुंच गए। बाहर बूंदों का शोर था और भीतर श्रीराम तथा हनुमान भक्ति की अनुभूति। अवसर था नीम करोली बाबा की पुण्यतिथि पर नगर की श्रीराम नाम बैंक द्वारा 10 करोड़ राम नाम लेखन की नई पुस्तिका के विमोचन का। नीम करोरी बाबा जी के प्रपौत्र एवं नगर में शासकीय चिकित्सक रहे हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. धनंजय शर्मा सहित विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सौदान सिंह यादव ने 10 करोड़ राम नाम लेखन के संकल्प वाली नई पुस्तिकाओं का विमोचन किया।

बैंक द्वारा 3 से 6 का पूरा शो राम नाम के लिए बुक करते हुए नियमित राम नाम लेखन करने वाले खाताधारियों सहित महिलाओं, विभिन्न वर्गों के नागरिकों और वेदांत आश्रम के विद्यार्थियों सहित 350 श्रद्धालुओं को निशुल्क हनुमान अंश दिखाई गई। श्रीराम नाम बैंक के नियमित खाताधारकों द्वारा अभी तक दो अरब राम नाम लेखन किया जा चुका है जो अयोध्या की राम नाम बैंक की मुख्य शाखा में जमा हो चुके हैं। जिले की है पहली राम नाम बैंक है 19 साल से नियमित रूप से संचालित हो रही है। नीम करोरी बाबा की स्मृतियों को साझा करते हुए उनके प्रपौत्र एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. धनंजय शर्मा ने कहा कि कुछ संत केवल इतिहास नहीं होते, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकाश बन जाते हैं। बासौदा क्षेत्र की मिट्टी साधारण नहीं है। यहां ऐसे महान संत हुए हैं, जिन्होंने तप, साधना और अपने आध्यात्मिक जीवन से पूरे क्षेत्र को प्रभावित किया है। उन्होंने बाबा जगन्नाथ दास जी को याद करते हुए कहा कि वे भी क्षेत्र के सिद्ध और तपस्वी महापुरुष थे। उनके जीवन पर भी फिल्म बननी चाहिए, ताकि आज की पीढ़ी केवल आधुनिक उपलब्धियों को ही आदर्श न माने, बल्कि यह भी जाने कि इस धरती पर ऐसे महापुरुष हुए हैं, जिन्होंने अपना जीवन साधना और लोककल्याण के लिए समर्पित किया। वहीं नई पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें।

कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद् भागवत व श्रीराम कथा, पहले दिन उमड़ा जनसैलाब, श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ यात्रा में शामिल हुए

101 कलशों के साथ निकाली कलश यात्रा, पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम हरिपुर में शनिवार को धर्म और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री राम कथा महोत्सव का शुभारंभ 101 कलशों की भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे गांव में धार्मिक जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन के तहत दोपहर 2 बजे ग्राम स्थित माता मंदिर पर पंडितों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद 101 महिलाओं एवं कन्याओं ने सिर पर नारियल से सुसज्जित मंगल कलश धारण किए और कलश यात्रा प्रारंभ हुई। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों तथा राधे-राधे और जय श्रीराम के जयघोष के साथ निकली कलश यात्रा ने पूरे गांव का भ्रमण किया। यात्रा के श्री राम जानकी मंदिर पहुंचने पर ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कलश यात्रा के मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। महिलाओं, बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में भी यात्रा को लेकर खासा उत्साह नजर आया। श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ यात्रा में शामिल हुए।



मंत्रोच्चार के साथ हुई भागवत पुराण की स्थापना

कथा स्थल पर कलश यात्रा पहुंचने के बाद कथा व्यास गौवत्स पं. अंकित तेंनगुरिया श्वटुक जी, बटेश्वर धाम, विदिशा ने विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ श्रीमद् भागवत पुराण की स्थापना कराई। प्रथम दिवस उन्होंने भागवत महात्म्य की कथा का वाचन करते हुए श्रद्धालुओं को भागवत कथा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होता है, वह स्थान स्वयं भगवान श्रीहरि की कृपा से पवित्र हो जाता है। भागवत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य को आध्यात्मिक शांति और पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कलश के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलश में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास माना गया है।

सात दिनों तक चलेगा धार्मिक आयोजन

आयोजन समिति के अनुसार श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री राम कथा महोत्सव सात दिनों तक चलेगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। वहीं रात्रि 9 बजे से श्री राम कथा का आयोजन होगा। श्रीधाम वृंदावन से प्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री स्वाति किशोरी मिश्रा भी अपने श्रीमुख से श्री राम कथा का अमृतपान श्रद्धालुओं को कराएंगी। आयोजन के प्रथम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचे और कथा का श्रवण कर धर्मलाभ लिया। पूरे आयोजन को लेकर ग्राम हरिपुर सहित आसपास के क्षेत्र में भी श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

14 तक भुगतान नहीं हुआ तो 15 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

मध्यान्ह भोजन की राशि और राशन नहीं मिलने पर समूह की महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

प्रांतीय महिला स्व-सहायता समूह एवं साझा चूल्हा महासंघ की ब्लॉक अध्यक्ष रामकली कुशवाह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की महिलाएं शनिवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचीं। यहां उन्होंने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मध्यान्ह भोजन की राशि, खाद्यान्न एवं रसोइयों के मानदेय का कई माह से भुगतान नहीं होने की समस्या से अवगत कराया। महिलाओं ने बताया कि मध्यान्ह भोजन की राशि एवं खाद्यान्न समय पर नहीं मिलने के कारण स्व-सहायता समूहों और रसोइयों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई समूह कर्ज लेकर मध्यान्ह भोजन का संचालन कर रहे हैं। दुकानदारों से उधार में सामग्री मिलना भी मुश्किल हो गया है। समय पर व्यय राशि और खाद्यान्न उपलब्ध नहीं होने से भोजन निर्माण का कार्य प्रभावित हो रहा है। महिलाओं ने कहा कि स्व-सहायता समूहों को टीएचआर पोषण आहार वितरण का कार्य भी सौंपा गया है, लेकिन इसकी राशि का भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है। इससे समूहों की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

राशि एवं खाद्यान्न प्राप्त होते ही कार्य शुरू करेंगे



ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि 14 सितंबर 2026 तक समस्त बकाया राशि, खाद्यान्न एवं रसोइयों के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, तो 15 सितंबर से तहसील सिरोंज के सभी स्व-सहायता समूह एवं रसोइया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली जाएंगी। महिलाओं ने कहा कि जब तक पूरी राशि एवं खाद्यान्न प्राप्त नहीं होता, तब तक मध्यान्ह भोजन एवं साझा चूल्हा संचालन बंद रखना उनकी मजबूरी होगी। साथ ही उन्होने कहा कि हड़ताल के कारण होने वाली असुविधा के लिए उन्हें खेद है, लेकिन लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण उत्पन्न आर्थिक परिस्थितियों ने उन्हें यह निर्णय लेने के लिए मजबूर किया है। राशि एवं खाद्यान्न प्राप्त होते ही मध्यान्ह भोजन एवं साझा चूल्हा निर्माण का कार्य पुनः शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान सरोज पटेल, शशिबाई यादव, कृष्णा कुर्मी, मीराबाई कुर्मी, गुड्डीबाई शर्मा, राजकुमारी कुर्मी, सुमनबाई अहिरवार, रोशनी शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति से मामलों का निराकरण

सिरोंज। न्यायालय परिसर सिरोंज में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। शुभारंभ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रियंका कुशवाह एवं ज्योति फुस्केले ने महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी सहमति से विभिन्न लंबित प्रकरणों का राजीनामे के आधार पर निराकरण किया गया। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे के न्यायालय में विद्युत मंडल के करीब 120 मामलों का निराकरण हुआ, जिससे विद्युत मंडल को करीब 9.25 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई। वहीं मोटर दुर्घटना एवं आपराधिक प्रकरणों का भी निराकरण किया गया।

न्यायिक दंडाधिकारी प्रियंका कुशवाह के न्यायालय में भरण-पोषण, चेक बाउंस, आपराधिक एवं यातायात सहित नगर पालिका के जलकर व संपत्ति कर के मामलों का निराकरण किया गया। नगर पालिका को करीब 8.63 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई। ज्योति फुस्केले के



न्यायालय में भी विभिन्न प्रकरणों का राजीनामे के आधार पर निराकरण किया गया। लोक अदालत के दौरान लंबे समय से लंबित पति-पत्नी संबंधी मामलों में भी आपसी सहमति से समझौता कराया गया। न्यायाधीशों ने निराकृत प्रकरणों के पक्षकारों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष कपिल त्यागी, उपाध्यक्ष सचिन शर्मा,मीडिया प्रभारी अशोक शर्मा,सहित अधिवक्ता एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जनकल्याण व जनसमस्या निवारण शिविर व उद्यम संवाद आयोजित



सिरोंज। बैरसिया कृषि उपज मंडी परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत वृहद जनकल्याण एवं जनसमस्या निवारण शिविर और उद्यम संवाद आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया। प्रभारी मंत्री चेतन्य काश्यप ने अधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोयाबीन फसल क्षति के पारदर्शी सर्वे के लिए शीघ्र दल गठित किए जाएंगे और पात्र किसानों को नियमानुसार सहायता दी जाएगी। उद्यम संवाद में उद्योगपतियों ने अधोसंरचना, भू-खंड आवंटन सहित विभिन्न समस्याएं रखीं, जिनके निराकरण के निर्देश मंत्री ने अधिकारियों को दिए। बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि अभियान का उद्देश्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पट्टे, सीमांकन एवं बंटवारे के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

श्री गणेश जन्मोत्सव को लेकर समिति की बैठक आयोजित

सिरोंज। नगर के प्राचीन श्री गणेश मंदिर गणेश की अथाई पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उत्सव की व्यापक एवं परंपरागत तैयारियों को लेकर शुक्रवार रात श्री गणेश उत्सव समिति की महत्वपूर्ण बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में सनातन धर्मप्रेमी बंधु एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी गणेश जन्मोत्सव समारोह को भव्य एवं दिव्य स्वरूप प्रदान करने को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। समिति सदस्यों एवं उपस्थित नागरिकों ने आयोजन को बेहतर बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे। साथ ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा व्यवस्थाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर बैठक में श्री गणेश जन्मोत्सव को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भव्य रूप से मनाने को लेकर समिति सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। श्री गणेश मंदिर गणेश की अथाई के प्रधान पुजारी पं. नलिनीकांत शर्मा ने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि प्रतिवर्ष नगर के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं के सहयोग से श्री गणेश जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। भगवान श्री गणेश समस्त नगरवासियों पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के संकटों को दूर करें, यही हमारी कामना है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष कृष्ण बिहारी पांडे, रमेश यादव एवं पदम ताम्रकार ने भी अपने विचार रखते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। बैठक का संचालन शिवकुमार मिश्रा ने किया।

भारती माहेश्वरी बनीं प्रदेश कार्यालय मंत्री



शमशाबाद। भाजपा मध्यप्रदेश महिला स्व-सहायता समूह प्रकोष्ठ में भारती प्रदीप माहेश्वरी को प्रदेश कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भारती माहेश्वरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संयोजक ममता भदौरिया, सांसद डॉ. लता वानखेड़े एवं विधायक सूर्यप्रकाश मीना के सहयोग, आशीर्वाद और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास और जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी। उन्होंने कहा कि यह दायित्व केवल पद नहीं, बल्कि संगठन और समाज के प्रति जिम्मेदारी है। महिला स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने तथा शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सक्रियता से कार्य किया जाएगा।

हिंदी दिवस पर एक्सीलेंस स्कूल में विविध कार्यक्रम हुए

साहित्यकार ब्रज श्रीवास्तव ने हिंदी में रोजगार की संभावनाओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में हिंदी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वनिता बाजपेयी ने की, जबकि वरिष्ठ साहित्यकार ब्रज श्रीवास्तव मुख्य अतिथि रहे। शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं अतिथि स्वागत से हुआ। मंच संचालन उर्वशी सक्सेना ने किया।

मुख्य अतिथि ब्रज श्रीवास्तव ने 'वर्तमान परिदृश्य एवं हिंदी के बढ़ते चरण' विषय पर वक्तव्य देते हुए हिंदी में रोजगार की संभावनाओं और अवसरों की जानकारी विद्यार्थियों को दी। इस दौरान विद्यार्थियों ने कविता पाठ, भाषण और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। कविता पाठ में उर्वशी सक्सेना, विकास सोनी, अंकित परिहार एवं अक्षांश तथा भाषण में श्याम सुंदर शर्मा, अभ्युदय यश पाठक, अमृता सेन एवं हर्षिता अहिरवार ने सहभागिता की। नुक्कड़ नाटक में विद्यार्थियों ने प्रभावशाली अभिनय से हिंदी भाषा के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।



संस्कार से पहचान के संकल्प के साथ नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

विदिशा। वी क्लब अभिव्यक्ति' की नवीन कार्यकारिणी का अधिष्ठापन एवं शपथ ग्रहण समारोह कृष्णा रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पास्ट डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट हिमांगी कोठारी एवं मुख्य अतिथि शपथ विधि अधिकारी सुषमा विरथरे का तिलक एवं पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। दो मिनट का मौन रखकर विश्व शांति की कामना की गई। अध्यक्ष मंजू पांडे ने स्वागत उद्बोधन दिया, जबकि सचिव शशि चौबे ने वर्षभर की सेवा गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रीजनल कोऑर्डिनेटर रितु देवलिया ने सेवा, सहभागिता और सशक्तिकरण के साथ एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। पर्यावरण चेयरपर्सन नीता चतुर्वेदी ने अतिथियों व सदस्यों को तुलसी के पौधे वितरित किए। शपथ विधि अधिकारी सुषमा विरथरे ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अध्यक्ष छाया नामदेव ने 'शिक्षा से ज्ञान, संस्कार से पहचान' के साथ सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सचिव उर्मिला तिवारी ने आभार व्यक्त किया। नवीन कार्यकारिणी में सचिव उर्मिला तिवारी और कोषाध्यक्ष रुचि कपिल शर्मा शामिल हैं।

विश्वा टेक 2026 में जुटेंगे 600 विद्यार्थी, हैकाथॉन और रोबोटिक्स कार्यशाला शुरू

चार दिवसीय राष्ट्रीय तकनीकी आयोजन में 8 प्रतियोगिताएं और कार्यशालाएं होंगी,

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अभियंता दिवस के अवसर पर शनिवार को 'विश्वा टेक कार्यक्रम 2026' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ. वायके जैन एवं मुख्य अतिथि मैनिट के उपनिदेशक शैलेन्द्र जैन ने किया। चार दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का यह आयोजन 12 से 15 सितंबर तक चलेगा। इसमें विभिन्न राज्यों के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से करीब 550 से 600 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। शनिवार को फ्लैगशिप हैकाथॉन और रोबोटिक्स हैंड्स-ऑन कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय हैकाथॉन के लिए 50 हजार रुपए का पुरस्कार पूल रखा गया है। इसमें विभिन्न राज्यों के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्वा टेक 2026 में 5 तकनीकी कार्यशालाओं, इनोवेशन एक्सपो, स्टार्टअप ब्लूप्रिंट सहित कुल 8 प्रमुख तकनीकी आयोजन होंगे।

इनमें रोबोटिक्स, वेब3, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंटीग्रेशन, स्टार्टअप, ओपन सोर्स, एपीआई प्रोग्रामिंग और नवाचार जैसे आधुनिक विषय शामिल हैं।

विभागाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा कार्यक्रम संयोजक तथा डॉ. शिल्पी तोमर समन्वयक हैं। निदेशक डॉ. वायके जैन ने इसे तकनीकी उत्कृष्टता का महत्वपूर्ण मंच बताया। डीन डॉ. आलोक जैन और बीओजी सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेडकर ने शुभकामनाएं दीं। जनसंपर्क अधिकारी डॉ. आशीष मनोरिया ने बताया कि आयोजन विद्यार्थियों को विशेषज्ञों से जुड़ने और प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दे रहा है।

व्यापारियों ने जीएसटी पंजीयन प्रक्रिया सरल करने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वाणिज्य कर विभाग के अपर आयुक्त प्रदीप कुमार दुबे के विदिशा आगमन पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन के नेतृत्व में व्यापारियों, एडवोकेट्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने मुलाकात कर जीएसटी से जुड़ी समस्याएं रखीं।

व्यापारियों ने मांग की कि किरायानामा व गुमास्ता जैसे सीमित दस्तावेजों के आधार पर ही जीएसटी पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की जाए। एसओपी में संशोधन कर अनावश्यक दस्तावेजों की संख्या कम करने की मांग भी की गई। महामंत्री नरेंद्र सोनी ने पूर्व में लागू समझौता योजना को दोबारा जीएसटी में लागू करने की मांग रखी, ताकि व्यापारियों को राहत मिल सके। अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि महासंघ जल्द ही व्यापारियों, एडवोकेट्स एवं सीए की संयुक्त बैठक बुलाकर समस्याओं का ज्ञापन तैयार करेगा और अपर आयुक्त को सौंपेगा। बैठक में हरीश वाधवानी, आशीष माहेश्वरी, जितेंद्र जैन जीतू, विवेक शर्मा, राजकुमार अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पैक्स-सांकलखेड़ाकलां, शाखा-देवखजूरी

पंजी. क्र. 460/10.12.92

:: वार्षिक साधारण आमसभा ::

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पैक्स- सांकलखेड़ाकलां, शाखा-देवखजूरी के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 23.09.2026 दिन बुधवार को स्थान समिति कार्यालय भवन पैक्स-सांकलखेड़ाकलां, शाखा-देवखजूरी पर दोप. 1 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।

प्रबंधक — शुभम रघुवंशी

प्रशासक — किशोर कुमार अहरवाल

विदिशा जिला सहकारी संघ मर्यादित जिला विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्रमांकः DR/VLS/7 दिनांक 31/08/61

:: वार्षिक साधारण सम्मिलन (सभा) की सूचना ::

विदिशा जिला सहकारी संघ मर्यादित विदिशा के समस्त सदस्य प्रतिनिधियोंको सूचित किया जाता है कि विदिशा जिला सहकारी संघ मर्यादित विदिशा कि वार्षिक साधारण सम्मिलन (सभा) दिनांक 29/09/2026, दिन मंगलवार को समय दोपहर 1 बजे स्थान जिला सहकारी संघ मर्या. सिविल न्यायालय के पास समीपस्थ कार्यालय भवन, विदिशा में आयोजित की गई है। गणपूर्ति (कोरम) के आभाव में साधारण सम्मिलन (सभा) आधा घन्टे के लिए स्थगित की जावेगी। स्थगित साधारण सभा का सम्मिलन (सभा) उसी दिन उसी स्थान पर आधा घन्टे पश्चात् उन्हीं विषयों पर होगी, जिस में गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

(किशोर कुमार अहरवाल)
प्रभारी प्रबंधक
जिला सहकारी संघ मर्यादित विदिशा (म.प्र.)

प्रभात फेरी निकाली युवाओं को सत्य-अहिंसा से जुड़ने का संदेश

गांधी चौक से शुरू हुई प्रभात फेरी, गांधी-विनोबा के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आचार्य विनोबा भावे की जयंती के उपलक्ष्य में गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल की ओर से 11 सितंबर को गांधी चौक से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी नीमताल, तिलक चौक और कागदीपुरा होते हुए वापस गांधी चौक पहुंची। इस दौरान युवाओं को सत्य, अहिंसा, सद्भावना और सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में डॉ. गर्ग ने विनोबा भावे के भूदान आंदोलन, ग्रामदान कार्यक्रम और श्रम संबंधी विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। युवाओं में अपार क्षमता है, जरूरत उनकी ऊर्जा को सही दिशा देने की है।



सुलखान सिंह हाड़ा ने विनोबा भावे के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया कि हिमालय में साधना के लिए जाते समय उनकी महात्मा गांधी से मुलाकात हुई थी। इस मुलाकात ने दोनों के जीवन और विचारों को नई दिशा दी। सर्वोदय मंडल के सहसचिव विनोद पटैरिया ने सर्वोदय समाज की संकल्पना पर विचार रखे। अध्यक्ष अरविंद द्विवेदी ने कहा कि युवाओं की विचार शक्ति और ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना समाज की जिम्मेदारी है। उपाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अशोक श्रीवास्तव, कमलेश दुबे, राजित राम, रघुवीर धाकड़, रश्मि पोरवाल, डॉ. परमानंद मिश्रा, डॉ. तोशीब शाह सहित सामाजिक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

- युवाओं में अपार क्षमता है, जरूरत उनकी ऊर्जा को सही दिशा देने की है।

भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने की अपील

हैदरगढ़। आगामी गणेश उत्सव एवं अन्य धार्मिक त्योहारों को लेकर शनिवार को हैदरगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी रघुराज रघुवंशी, पुलिस स्टाफ, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी शामिल हुए। थाना प्रभारी ने सभी से त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नागरिक आपसी भाईचारा, एकजुटता और सद्भाव बनाए रखें तथा एक-दूसरे के धर्म और भावनाओं का सम्मान करें। बैठक में धार्मिक आयोजनों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने आयोजकों से भी नियमों का पालन करने और सहयोग बनाए रखने की अपील की।

जिला अस्पताल की ओपीडी में सर्दी-खांसी व वायरल फीवर के बढ़े मरीज

700 से 800 के पार पहुंची जिला अस्पताल की ओपीडी, बच्चे भी वायरल फीवर की चपेट में

मौसमी बीमारियों के कारण बढ़े मरीज, रिकवर होने में भी लग रही देर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



जिला अस्पताल की ओपीडी में इन दिनों संक्रामक बीमारियों की चपेट में आकर मरीजो की भीड़ इलाज कराने के लिए रोजाना पहुंच रहे हैं। सिविल सर्जन डॉ अनिल ओढ़ के मुताबिक आलम यह है कि जिला अस्पताल में पिछले 15 दिनों से मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। पिछले दो दिनों से 700 से लेकर 800 अधिक मरीजों की ओपीडी हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण मौसमी बीमारियां हैं। सर्दी-खांसी, बुखार, उल्टी-दस्त वायरल फीवर का संक्रमण जैसे लक्षण सामने आने लगे हैं। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक राय ने बताया कि बच्चों में सर्दी खासी से लेकर निमोनिया से ग्रसित बच्चे जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में दाखिल होने पहुंच रहे हैं। सबसे ज्यादा मरीज मेडिसिन और महिला पुरुष वार्ड के अलावा शिशु रोग विभाग में पहुंच रहे हैं। बच्चों में सामान्य सर्दी-खांसी निमोनिया का रूप ले रही है और उन्हें भर्ती करने की नौबत आ रही है। जिला अस्पताल में रोज 200 बच्चे पहुंच रहे हैं, जिसमें से करीब 52 से 55 बच्चे भर्ती हो रहे हैं। यही हाल अन्य विभागों का भी है। मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने से बेड फुल हैं। आलम यह है कि एक बेड दो से तीन मरीज भर्ती हैं। अस्पताल के विभिन्न वार्डों में कुछ पलंग खाली है, लेकिन अन्य विभागों में मरीजों को भर्ती करने पलंग कम पड़ रहे हैं। शनिवार को मेडिसिन, हड्डी, सर्जरी, गायनी, शिशु रोग विभाग में जांच व इलाज के लिए मरीज लाइनों में लगे रहे। जांचों, दवा काउंटर में दोपहर तक मरीजों को लाइनें लगी रहीं। वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम के साथ मलेरिया डेंगू से ग्रसित सबसे ज्यादा मरीज मेडिसिन विभाग में देखे जा रहे हैं। जिला अस्पताल प्रबंधन पुराने पलंग की मरम्मत में लगा है । 20-25 पलंग वार्डों में एडजस्ट किए गए हैं। सागर भोपाल स्टेट हाईवे पाटनदेव स्थित शासकीय प्राथमिक केंद्र प्रभारी डॉ प्रतीक शर्मा ने बताया कि इन दिनों वायरल फीवर सर्दी जुकाम उल्टी दस्त के दोनों टाइम 70 से लेकर 100मरीज ओपीडी में इलाज कराने पहुंच रहे हैं।

इनका कहना है

बच्चों में तेज बुखार, लगातार खांसी, सांस लेने में परेशानी, सांस तेज चलना, कमजोरी और खाना-पीना कम होना ऐसे संकेत हैं। जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अस्पताल में मौसमी बीमारियों से ग्रासित बच्चे गंभीर स्थिति में पहुंच रहे हैं, राहत की बात है कि जल्द रिकवर भी हो रहे हैं।
- **डॉ. आलोक राय,** विशेषज्ञ शिशु रोग विभाग रायसेन

लगातार कई दिनों तक धूप नहीं लगने से पेट में समस्याएं तो हो ही रही हैं, साथ ही अस्थमैटिक और सांस से संबंधित बीमारियों से जूझ रहे लोगों की परेशानियां बढ़ी हैं। किसी परेशानी होने पर तुरंत डॉक्टरों से संपर्क करें।
- **डॉ. सौरभ जैन,** मेडिसिन जिला अस्पताल।

जिला अस्पताल में मरीजों के निशुल्क इलाज व जांच के लिए प्रबंधन लगातार प्रयास करता है। मरीजों के बढ़ने से स्टाफ पर कार्य का बोझ निश्चित तौर पर बढ़ा है, व्यवस्था में कमी नहीं होगी।
- **डॉ. दिनेश खत्री** सीएमएचओ

मौसम में नमी से बढ़ी त्वचा संबंधी बीमारी

लगातार बारिश और पिछले कई दिनों से धूप नहीं निकलने का असर अब लोगों के स्वास्थ्य में दिखने लगा है। धूप नहीं निकलने और मौसम में नमी बढ़ने से त्वचा, कान दर्द, खुजली दाद संबंधी समस्याओं के साथ फंगल इंफेक्शन की शिकायतें सामने आ रही हैं। गैस्ट्रिक, पेट फूलना और डायरिया उल्टी जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। धूप नहीं लगने से लोगों को विटामिन-डी भी नहीं मिल पा रहा। डॉक्टर बताते हैं कि लगातार नमी रहने से कपड़ों और घर के अन्य सामान में भी सीलन बनी हुई है। ऐसे में लंबे समय तक नमी के संपर्क में रहने वाले लोगों में खुजली, लाल चकत्ते, दाद और अन्य त्वचा संबंधी परेशानियां बढ़ रही हैं।

जिला अस्पताल में ब्लड जांच की संख्या बढ़ी

जिला अस्पताल में पहले ही रोज की 2-3 हजार जांचें हो रही थीं, लेकिन मरीजों की संख्या बढ़ने से इस सप्ताह हर दिन जांचों की संख्या 5 से 6 हजार के पार पहुंच रही है। इसमें सबसे ज्यादा ब्लड की 18 प्रकार प्रकार की जांचें हैं। मलेरिया, सीबीसी टाइफाइड सहित एचआईवी की जांचों के लिए सैंपल की भरमार बनी हुई है।

दीनदयाल परिसर की 4 दुकानों पर नोटिस चस्पा

नियम उल्लंघन व किराया बकाया होने पर नपा की कार्रवाई, जवाब नहीं देने पर सील होंगी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नोटिस का निर्धारित समय में जवाब देना होगा



नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नोटिस का निर्धारित समय में जवाब नहीं देने या जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसमें संबंधित दुकानों को सील करने की कार्रवाई भी शामिल है। अधिकारियों की इस चेतावनी के बाद दुकानदारों में बेचैनी बढ़ गई है। नगर पालिका की कार्रवाई से यह भी साफ हो गया है कि अब परिसर में किराया बकाया रखने और नियमों की अनदेखी करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि नोटिस के बाद संबंधित दुकानदारों का पक्ष सामने आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी। फिलहाल चार दुकानों पर चस्पा नोटिस पूरे परिसर में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

पुराने बस स्टैंड स्थित दीनदयाल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की चार दुकानों पर नगर पालिका परिषद ने नोटिस चस्पा कर दिए हैं। दुकान क्रमांक 2, 4, 5 और 16 के संचालकों पर नियमों का उल्लंघन करने और लंबे समय से बकाया किराए का भुगतान नहीं करने की बात सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है। नपा की अचानक हुई कार्रवाई से कॉम्प्लेक्स परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई और अन्य दुकानदारों में भी चर्चा शुरू हो गई। नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार दीनदयाल परिसर स्थित दुकानों की जांच के दौरान कुछ दुकानदारों द्वारा निर्धारित नियमों का पालन नहीं किए जाने की जानकारी सामने आई थी। इसके साथ ही संबंधित दुकानों पर नगर पालिका का किराया भी बकाया पाया गया। जांच के बाद नपा परिषद ने संबंधित दुकान संचालकों को अपना पक्ष रखने का मौका देते हुए नोटिस जारी किए हैं। सीएमओ सुरेखा जाटव ने बताया कि दीनदयाल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकान क्रमांक 2, 4, 5 और 16 के संचालकों द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया है। साथ ही इन दुकानों का किराया भी बकाया है। इसी के चलते नगर पालिका की ओर से नोटिस चस्पा किए गए हैं। नोटिस में संबंधित दुकानदारों से निर्धारित समय सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

बर्बाद सड़क के खिलाफ अधिवक्ता संघ ने दिया ज्ञापन



बेगमगंज। नगर के मुख्य सागर-भोपाल मार्ग की दुर्दशा को लेकर वकीलों ने भी मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को अधिवक्ता संघ के बैनर तले अध्यक्ष संतोष बुंदेला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं द्वारा कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार प्रमोद उइके को दिया। अधिवक्ताओं में संतोष बुंदेला, अमोद शर्मा, राजेश यादव, विनय सिंह ठाकुर, गजेंद्र सिंह ठाकुर, आरएन रावत, एसएन रावत, सुनील शर्मा, रवि रावत, शैलेष जैन सहित दर्जनों अधिवक्ताओं ने ज्ञापन देकर मांग की है कि सागर-भोपाल मार्ग एवं नालियों का शुरू से ही घटिया निर्माण हुआ है। जो 2 से 3 किमी के अंदर बना है, जो वर्तमान में पूरी तरह से उखड़ गया है। इस पर गहरे-गहरे गड्ढे होकर आए दिन स्टूडेंट्स एवं आमजन की दुर्घटना का कारण बने हुए हैं। सड़क ओर नालियों की मरमत 15 दिवस में किए जाने की मांग की गई है।



भारी बारिश से ढहा पुराना कच्चा मकान, बड़ा हादसा टला

सलामतपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम अंबाडी में गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात हुई मूसलाधार बारिश के चलते एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रात के सन्नाटे में गांव के निवासी संतोष साहू (पिता रामस्वरूप साहू) का वर्षों पुराना कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर पड़ा। गनीमत यह रही कि हादसा देर रात हुआ और मकान पूरी तरह से खाली था, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। संतोष साहू ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह कच्चा मकान काफी समय से खाली पड़ा हुआ था। परिवार के सभी सदस्य सड़क के दूसरी तरफ बने अपने मुख्य मकान में निवास करते हैं। लगातार हो रही तेज बारिश के कारण कच्चे मकान की दीवारें पानी सोखकर कमजोर हो चुकी थीं, जिससे देर रात अचानक पूरा ढांचा धराशायी हो गया। रात के समय जोरदार आवाज के साथ जब मकान गिरा, तो आसपास के ग्रामीण दहशत में आ गए और अपने घरों से बाहर निकल आए। गृहस्वामी ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि यदि यह घटना दिन के उजाले में हुई होती, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। दरअसल, इस कच्चे मकान के ठीक सामने से गांव का मुख्य रास्ता गुजरता है, जहां से दिनभर ग्रामीणों, बच्चों और मवेशियों की लगातार आवाजाही बनी रहती है। दिन के समय मकान गिरने की स्थिति में रास्ते से गुजर रहे लोग इसकी चपेट में आ सकते थे।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में समिति प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती

रायसेन। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायसेन में कृषक सेवा समितियों के प्रबंधन और कंप्यूटर ऑपरेटरों की कमी जल्द दूर होने की उम्मीद है। बैंक के सीईओ अजय सिंह ने बताया कि सहकारी बैंक के अधीन सहकारी समितियों में 24 समिति प्रबंधकों और 10 कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सितंबर माह में 24 समिति प्रबंधकों के नाम भेजे जा रहे हैं। इनमें 12 महिला और 12 पुरुष समिति प्रबंधकों का चयन किया जा चुका है। चयनित समिति प्रबंधकों को जल्द ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायसेन में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही 10 कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है।

बारूद, जंगली सूअर का जबड़ा-बाल बरामद

सियरमऊ में संदिग्ध ठिकानों पर की तलाशी शिकार के मामले में दो को किया गिरफ्तार



सिलवानी। सियरमऊ ग्राम में जंगली सूअर के शिकार के मामले की जांच के दौरान वन विभाग की टीम ने श्वान दल के साथ संदिग्ध ठिकानों पर तलाशी ली। एक बाड़े के पास बेरी के पेड़ पर टंगे नीले प्लास्टिक थैले की जांच की तो उसमें बारूद मिला। आसपास तलाशी लेने पर जंगली सूअर के बाल और जबड़ा भी बरामद हुआ। वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए गांव के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया। वन परिक्षेत्र सिलवानी पूर्व की टीम ने 9 सितंबर को जंगली सूअर का मांस जब्त कर वन अपराध दर्ज किया था। प्रकरण में साक्ष्य जुटाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर 10 सितंबर को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व, सागर से श्वान दल बुलाया गया।

वन अमले और ग्राम चौकीदार की मौजूदगी में श्वान दल ने संदिग्ध स्थानों और मकानों के आसपास तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान जंगली सूअर के बाल और जबड़ा मिला। इसके बाद बाड़े के पास बेरी के पेड़ पर रखे नीले रंग के प्लास्टिक थैले की जांच की गई, जिसमें बारूद बरामद हुआ। मामले में वन विभाग ने आकाश पुत्र भारत बंसल और ओमप्रकाश पुत्र तुलसीराम बंसल, दोनों निवासी ग्राम सियरमऊ को गिरफ्तार किया।

बाड़ी में शिविर में कन्याओं को जीवन कौशल सिखाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी



अखिल विश्व गायत्री परिवार तहसील बाड़ी और सन साइन स्कूल बाड़ी ने सयुंक्त रूप से शनिवार को चंचल मैरिज गार्डन में कन्या कौशल शिविर आयोजित किया। शिविर में बाड़ी के सन साइन स्कूल, स्वामी विवेकानंद हायर सेकंडरी स्कूल, आदिवासी सेवा आश्रम बाड़ी कला तथा अमरावद के पब्लिक स्कूल की 300 से अधिक छात्राएं सम्मलित हुई। भोपाल उपजोन के सह समन्वयक सुरेश श्रीवास्तव ने युग निर्माण अभियान एवं तपोनिष्ठ, वेदमूर्ती श्रीराम शर्मा का संक्षिप्त परिचय देकर कार्यक्रम की भूमिका बताई। खण्डवा से आई देव कन्या गायत्री पटेल ने गायत्री मंत्र को छात्राओं के लिए लाभदायक बताया।

उन्होंने छात्राओं से आत्म निरीक्षण कर स्व-जागरूक होने की अपील की। खण्डवा से ही आई मुख्य प्रशिक्षिका पूर्णिमा पवार ने स्वयं के अनुभव सांझा करते हुये बताया कि शराबखोरी, पशु बलि जैसी सामाजिक कुरीतियों को हम कैसे मिटा सकते हैं। उन्होंने नारी शक्ति एवं युवा शक्ति को समाज निर्माण में आगे के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लड़कियों से चरित्र निर्माण को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा, परिवार समाज के प्रति दायित्व जैसे पहलुओं को छुआ और महापुरुषों से प्रेरणा लेने अपील की। लक्ष्मी पटैल ने प्रेरणास्पद प्रज्ञा गीत गाये। मंच संचालन कर रहे जिला सह समन्वयक भगवान सिंह किरार ने आगामी गणेशोत्सव में पीओपी निर्मित प्रतिमा के स्थान पर मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर पर्यावरण संरक्षण की अपील की। लोकायुक्त पुलिस भोपाल के उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह गुर्जर ने छात्राओं को समाज में घटित होने वाले अपराधों की जानकारी देकर सुरक्षा संबंधी सावधानियों से अवगत कराया।

स्कूल की छात्राओं ने आयोजन की प्रसंसा की। उन्होंने मंच पर आकर पर्यावरण सुरक्षा, अभिभावकों की आज्ञा मानने का संकल्प भी लिया। शिविर में सिख एवं मुस्लिम धर्म की छात्रायें भी सम्मलित थी, प्रतीकात्मक रूप से सभी धर्मों की एक-एक छात्रा का मंच से सम्मान किया गया। इसके पूर्व सनशाईन स्कूल बाड़ी की संचालक प्रतिज्ञा संदीप श्रीवास्तव एवं स्टॉफ ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। शिविर में जिला समन्वयक संतोष धाकड़, बाड़ी तहसील समन्वयक लक्ष्मीदास वैरागी, नरेश राय, मुकेश शाक्य सहित अन्य परिजनों ने उपस्थित रहकर शिविर की व्यवस्थाओं में सहयोग किया। विभिन्न स्कूलों से छात्राओं को लेकर आने वाले सभी शिक्षकों को भी मंच से सम्मान किया गया। सनशाइन स्कूल बाड़ी के प्राचार्य संदीप श्रीवास्तव ने अतिथियों, गायत्री परिवार के सदस्यों, गार्डन संचालक शरद साहू सहित सभी का आभार माना।

जिला अस्पताल पहुंची किशोरी, डॉक्टरों ने बताया गर्भवती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नाबालिग का आरोप- पिता ने कर्ज चुकाने बिना सहमति से करा दिया विवाह



जिला अस्पताल में इलाज कराने पहुंची एक नाबालिग गर्भवती लड़की ने बाल विवाह का आरोप लगाया है। चाइल्ड लाइन की सूचना पर बाल कल्याण समिति बोर्ड की टीम जिला अस्पताल पहुंची। पूछताछ में लड़की ने बताया कि उसकी शादी 20 अप्रैल 2026 को उसकी मर्जी के खिलाफ कराई गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किशोरी पेट में दर्द की शिकायत लेकर चेकअप कराने के लिए जिला अस्पताल पहुंची थी। जांच के दौरान डॉक्टरों को पता चला कि वह करीब 4 महीने की गर्भवती है और नाबालिग है। नियमानुसार अस्पताल स्टाफ ने चाइल्ड लाइन को सूचना दी। सूचना मिलते ही बाल कल्याण समिति बोर्ड के अध्यक्ष आदित्य चावला, सदस्य ममता पटेल और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी व तहसील स्तर के अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे।

पिता ने कर्ज चुकाने के लिए कराई शादी

बाल कल्याण समिति द्वारा की गई पूछताछ में किशोरी ने बताया कि उसके पिता ने किसी व्यक्ति से कर्ज लिया था और वे कर्ज नहीं चुका पा रहे थे। कर्ज से मुक्ति पाने के लिए पिता ने उसी व्यक्ति से उसकी शादी करा दी। लड़की ने बताया कि शादी उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन कराई गई थी। बाल कल्याण समिति किशोरी की वास्तविक उम्र की पुष्टि के लिए उसके स्कूल के दस्तावेज, आधार कार्ड और अन्य प्रमाण पत्रों की जांच कर रही है। साथ ही शादी से संबंधित साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं। जांच के बाद संबंधित आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया जाएगा। फिलहाल किशोरी को संरक्षण में लेकर काउंसलिंग की जा रही है।

इस पूरे मामले में अब इलाज करने वाले डॉक्टर की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। बाल कल्याण समिति बोर्ड के अध्यक्ष आदित्य चावला एडवोकेट ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर को इलाज के दौरान ही पता चल गया था कि लड़की नाबालिग है और गर्भवती है। इसके बावजूद उन्होंने इसकी सूचना प्रशासन या बाल कल्याण समिति को नहीं दी। अगर जांच में तथ्य छिपाने की बात सामने आती है तो संबंधित डॉक्टर के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रतिमा बनाने हुई कार्यशाला

छात्रों ने सौ श्री गणेश प्रतिमाओं का मिट्टी से किया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



गुरुकुल स्कूल के इको क्लब के छात्रों द्वारा आयोजित मिट्टी के श्री गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला में उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। कार्यशाला में छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने मिट्टी से भगवान श्री गणेश की आकर्षक विभिन्न मुद्राओं में प्रतिमाओं का निर्माण किया गया। कार्यशाला में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए 100 से अधिक श्री गणेश प्रतिमाओं का मिट्टी से निर्माण कर पर्यावरण अनुकूल श्री गणेश प्रतिभाओं की स्थापना के लिए प्लास्टिक ऑफ पेरिस के स्थान पर मिट्टी की प्रतिमाओं की स्थापना के लिए प्रेरित करना रहा। प्रचार एसबी खेले और संचालक प्रशांत राठी ने छात्रों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित होती है।

ढोल-नगाड़ों पर नाचे श्रद्धालु, हल्की बारिश में भी नहीं थमा उत्साह

लव-कुश के प्रकटोत्सव पर निकाली विराट शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



कुशवाहा समाज संघ सिलवानी द्वारा शनिवार को समाज के आराध्य भगवान श्री लव-कुश के प्रकटोत्सव पर नगर में विराट शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाजजनों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान श्री लव कुश के जयकारों से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा का शुभारंभ शिव मंदिर गांधी आश्रम से किया गया। आकर्षक साज-सज्जा के साथ भगवान लव-कुश की झांकी तैयार की गई थी। सुंदर रथ पर सजी झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। ढोल-नगाड़ों और धार्मिक धुनों के बीच समाजजन उत्साह के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। युवाओं और बच्चों में आयोजन को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।

शोभायात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी चौक, बजरंग चौराहा सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वर-वधू गार्डन पहुंची। रास्ते में विभिन्न संगठनों द्वारा बनाए गए मंच से समाजजनों और नागरिकों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में भगवान श्री लव.कुश के जीवन और उनके शौर्य से जुड़े प्रसंगों को दर्शाती आकर्षक झांकियां भी शामिल रहीं।

भारकच्छ कला में सरकारी स्कूल की गिरी दीवार

139 छात्रों की पढ़ाई पर संकट, स्कूल में अब दो पारियों में लगाई जा रही कक्षाएं

बरेली। बाड़ी जनपद और शिक्षा केंद्र की अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों की कितनी बदहाल स्थिति है इसका नमूना नर्मदा किनारे बसे ग्राम भारकच्छ कला की माध्यमिक शाला की दीवार धराशायी हो जाने से सामने आ गया। स्कूल में दर्ज कक्षा एक से आठवीं तक के 139 बच्चों की पढ़ाई का संकट उत्पन्न हो गया है। फिलहाल अतिरिक्त कक्ष में दो पारियों में कम स्थान होने के बाद भी पढ़ाई की जा रही है। उदयपुर बरेली विधानसभा क्षेत्र का भारकच्छ सर्कल बाड़ी तहसील और जनपद शिक्षा केंद्र के



अंतर्गत आता है। भारकच्छ से लगा ग्राम गडरवास हे जहां से देवेंद्र पटेल पूर्व में विधायक रह चुके हैं। दसको पुराने मोटी दीवारों से बने स्कूल भवन की हालत लंबे समय से जर्जर खस्ता हाल बनी हुई थी। दीवाल का एक हिस्सा गिर जाने से पूर्व के वर्षों में ऐसी स्थिति के भवन में पढ़ाई करने वाले छात्रों पर जोखिम की स्थिति बनी रही। अतिरिक्त भवन में दो पारियों में कक्षा एक से आठवीं तक के छात्रों की स्थान की कमी के बीच किसी प्रकार पढ़ाई हो रही है। खस्ता हाल जर्जर स्थिति में पहुंचे स्कूल भवन की स्थिति से स्कूल प्रबंधन द्वारा सरपंच, जनपद शिक्षा केंद्र बाड़ी को कई बार अवगत कराया गया परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं बीआरसी, आरसी राजपूत ने कहा कि क्षतिग्रस्त भवन के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी भेज दी गई है।